>

Title: Regarding release of Indian prisioners lodged in the jails of Sri Lanka.

श्री अनिवाश राय खन्ना (होशियारपुर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से बहुत ही महत्वपूर्ण विषय को सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं। पहले भी जब-जब कोई देश का नौजवान विदेशों की जेलों में बन्द होता था तो मैंने बहुत से मुद्दे उठाये हैं और मैं धन्यवाद अदा करता हूं कि सरकार ने उस ओर ध्यान दिया है। आज बिना किसी कारण 12 पंजाब के लोग, जिनमें से ज्यादातर मेरी कांस्टीटयूंसी के लोग हैं, वे श्रीलंका की जेलों में बन्द हैं। उनको जो माफिया...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: The process of release has started. आपने अच्छा मैटर दिया है।

...(*Interruptions*)

श्री अनिवाश राय खन्ना : मैं यही चाहता हूं कि उनको जल्दी से जल्दी रिहा किया जाये। उनके ऊपर कोई भी ऐसा केस नहीं है, जिसके कारण उनको जेल में रखा जाये। मैं आशा करता हूं कि सरकार श्रीलंका के साथ यह मैटर लेकर उनको रिहा कराने का काम करेगी।

MR. SPEAKER: I think the House will join you in supporting your cause.

...(*Interruptions*)